Series SSO

Code No. **64/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **11** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

GEOGRAPHY (Theory)
भूगोल (सैद्धान्तिक)

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 70*

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 70*

General Instructions :

(i) *There are* ***26*** *questions in all.*

(ii) *All questions are compulsory.*

(iii) *Marks of each question are indicated against it.*

(iv) *Questions number* ***1*** *to* ***10*** *are very short answer questions carrying* ***1*** *mark each. Answer to each of these questions should not exceed* ***20*** *words.*

(v) *Questions number* ***11*** *to* ***20*** *are short answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* ***80*** *words.*

(vi) *Questions number* ***21*** *to* ***25*** *are long answer questions carrying* ***5*** *marks each. Answer to each of these questions should not exceed* ***150*** *words.*

(vii) *Question number* ***26*** *is related to identification or locating and labelling of geographical features on maps.*

(viii) *Outline maps of the* ***World*** *and* ***India*** *provided to you must be attached within your answer-book.*

(ix) *Use of* ***templates*** *or* ***stencils*** *for drawing outline maps is allowed.*

सामान्य निर्देश :

(i) *प्रश्नों की कुल संख्या* ***26*** *है ।*

(ii) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(iii) *प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिये हैं ।*

(iv) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***10*** *तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का* ***1*** *अंक है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***20*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***11*** *से* ***20*** *तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के* ***3*** *अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***25*** *तक लंबे-उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के* ***5*** *अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(vii) *प्रश्न संख्या* ***26*** *मानचित्रों पर दिए गए भौगोलिक लक्षणों को पहचानने या स्थिति दिखाने और नामांकन करने से संबंधित है ।*

(viii) ***संसार*** *और* ***भारत*** *के दिये गये रेखा-मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य नत्थी कीजिए ।*

(ix) *रेखा-मानचित्र बनाने के लिये* ***साँचों*** *या* ***स्टेंसिलों*** *के प्रयोग की अनुमति दी जाती है ।*

1. Define the term 'quaternary activity'. *1*

'चतुर्थक क्रियाकलाप' शब्द की परिभाषा दीजिए ।

2. What was the initial form of trade in the primitive society ? *1*

आदिम समाज में व्यापार का प्रारम्भिक रूप क्या था ?

3. Name the urban agglomeration of India that has the highest number of intra-state migrants. *1*

भारत के उस नगरीय समूहन का नाम बताइए जिसमें अन्तःराज्यीय प्रवासी जनसंख्या सर्वाधिक है ।

4. Name the two states of India which have less than five per cent of the population below poverty line. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

भारत के दो ऐसे राज्यों के नाम बताइए जहाँ पाँच प्रतिशत से कम जनसंख्या, गरीबी रेखा से नीचे है ।

5. In which Five Year Plan of India were Hill Area Development Programmes initiated ? *1*

भारत की किस पंचवर्षीय योजना में पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रमों को प्रारम्भ किया गया ?

6. Name the terminal stations of the longest railway route in the world. *1*

संसार में सबसे लम्बे रेलमार्ग के अन्तिम सिरों के स्टेशनों के नाम लिखिए ।

7. Name the largest metropolitan city of Madhya Pradesh. What was its population according to the census 2001 ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

मध्य प्रदेश के सबसे बड़े महानगर का नाम बताइए । 2001 की जनगणना के अनुसार इसकी जनसंख्या कितनी थी ?

8. Name the oldest artificial sea-port of India. *1*

भारत के सबसे पुराने कृत्रिम समुद्री-पत्तन का नाम बताइए ।

9. Which is the main source of water-borne diseases in India ? Name any one water-borne disease. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

भारत में विभिन्न प्रकार की जल-जनित बीमारियों का प्रमुख स्रोत क्या है ? जल-जनित किसी एक बीमारी का नाम बताइए ।

10. How is the productive irrigation able to achieve high productivity in India ? 1

भारत में उत्पादक सिंचाई उच्च उत्पादकता प्राप्त करने में किस प्रकार समर्थ है ?

11. Mention any six characteristics of 'commercial livestock rearing' in the world. $6\times\frac{1}{2}=3$

संसार में 'वाणिज्यिक पशुधन पालन' की किन्हीं छः विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

12. Classify Indian towns on the basis of their evolution in three different periods. Name one town of each period. $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$

भारतीय नगरों को तीन विभिन्न युगों में हुए उनके विकास के आधार पर वर्गीकृत कीजिए । प्रत्येक युग से सम्बन्धित एक-एक नगर का नाम बताइए ।

13. Describe in brief the changing nature of export items in the international trade of India. 3

भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में निर्यात की मदों के बदलते स्वरूप का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

14. Explain the concept of possibilism with suitable examples. $3\times1=3$

संभववाद की अवधारणा को उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

15. Distinguish between small scale and large scale industries by stating three points of each. $3\times1=3$

तीन-तीन बिन्दु देते हुए छोटे पैमाने और बड़े पैमाने के उद्योगों में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।


16. "The density and the quality of roads are better in plains as compared to other regions in India." Support this statement with examples. $3\times1=3$

"भारत में सड़कों का घनत्व और गुणवत्ता अन्य क्षेत्रों की तुलना में, मैदानों में अधिक अच्छी है ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए ।

17. "Dairy farming is the most advanced and efficient type of rearing of milch animals in the world." Analyse the statement with examples. *3×1=3*

"संसार में डेरी कृषि दुधारू पशुपालन का सर्वाधिक उन्नत और दक्ष प्रकार है ।" उदाहरणों सहित इस कथन का विश्लेषण कीजिए ।


18. Study the map given below and answer the questions that follow : *1+2=3*



(18.1) Name the inland waterway shown in the given map.

(18.2) How has this inland waterway been a boon in the development of the countries through which it passes ? Explain.

दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :



(18.1) दिए गए मानचित्र में दिखाए गए आन्तरिक जलमार्ग का नाम बताइए ।

(18.2) यह आन्तरिक जलमार्ग जिन देशों से गुज़रता है, उनके विकास में किस प्रकार वरदान सिद्ध हुआ है ? स्पष्ट कीजिए ।


Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 18.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर है ।*

Name any two inland waterways of Europe. Explain any two factors that influence inland waterways. *1+2=3*

यूरोप के किन्हीं दो आन्तरिक जलमार्गों के नाम बताइए । आन्तरिक जलमार्गों को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों को स्पष्ट कीजिए ।

19. Study the map given below and answer the questions that follow : *1+1+1=3*




(19.1) Name the Union Territory having the highest density of population. State also its population density according to the given map.

(19.2) Name any two states having density of population from 801 to 1000 persons per sq. km.

(19.3) Name any two states which have population density from 401 to 600 persons per sq. km.

नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन करिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



(19.1) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले केन्द्र शासित प्रदेश का नाम बताइए । दिए गए मानचित्र के अनुसार इसका जनसंख्या घनत्व भी बताइए ।

(19.2) किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइए जिनका जनसंख्या घनत्व 801 से 1000 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है ।

(19.3) किन्हीं दो राज्यों के नाम बताइए जिनका जनसंख्या घनत्व 401 से 600 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है ।

Note : *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 19.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है ।*

Explain the spatial distribution of population density in India. 3

भारत में जनसंख्या घनत्व के स्थानिक वितरण को स्पष्ट कीजिए ।

20. How has 'noise pollution' become hazardous in many big cities of India ? Explain with examples. *3×1=3*

भारत के कई बड़े नगरों में 'ध्वनि प्रदूषण' किस प्रकार ख़तरनाक हो गया है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

21. Classify human settlements of the world into two categories. Mention four characteristics of each category. *1+2+2=5*

संसार की मानव बस्तियों को दो वर्गों में बाँटिए । प्रत्येक वर्ग की चार-चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

22. Describe in five points the watershed development and management programmes initiated by the Central and State governments in India. *5×1=5*

केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा भारत में चलाए जा रहे जलसंभर विकास और प्रबंधन कार्यक्रमों का पाँच बिन्दुओं में वर्णन कीजिए ।

23. What is density of population ? Explain with examples the four physical factors influencing the distribution of population in the world. *1+4=5*

जनसंख्या घनत्व क्या है ? संसार में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले चार भौतिक कारकों को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

24. What is the importance of roads ? Explain any three reasons for the existence of good quality roads in the developed countries. *2+3=5*

सड़कों का क्या महत्त्व है ? विकसित देशों में सड़कों की अच्छी गुणवत्ता होने के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

25. Explain any five measures necessary for the promotion of sustainable development in 'Indira Gandhi Canal Command Area'. *5×1=5*

'इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र' के सतत् पोषणीय विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक किन्हीं पाँच उपायों की व्याख्या कीजिए ।

26. (26.1) On the given political outline map of the **World** (on page 13) the following four features are shown as A, B, C and D :

(i) The country having the lowest density of population in Africa

(ii) The major area of nomadic herding

(iii) The important mega city of Iran

(iv) The important sea-port of Brazil

Identify these features and write their correct names on the lines marked against each in the map. $4\times\frac{1}{2}=2$

(26.2) On the given political outline map of **India** (on page 15) locate and label the following with appropriate symbols : $3\times1=3$

(i) The state having the highest percentage of rural population

(ii) Singareni coal mine

(iii) Iron and Steel Plant located in Karnataka state

(26.1) दिए गए **संसार** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर) में निम्नलिखित चार लक्षण A, B, C और D से दिखाए गए हैं :

(i) अफ्रीका में सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला देश

(ii) चलवासी पशुचारण का एक विशाल क्षेत्र

(iii) ईरान का एक महत्त्वपूर्ण मेगा नगर

(iv) ब्राज़ील का एक महत्त्वपूर्ण समुद्री-पत्तन

इन लक्षणों को पहचानिए और मानचित्र में प्रत्येक लक्षण के सामने खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए ।

(26.2) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 15 पर) पर निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों द्वारा दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या के प्रतिशत वाला राज्य

(ii) सिंगरेनी कोयला खान

(iii) कर्नाटक राज्य में स्थापित लोहा और इस्पात संयंत्र

Note : *The following questions are for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 26.*

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं ।*

(26.1) Name the country having the lowest density of population in Africa.

(26.2) Name any one important major region of nomadic herding in the world.

(26.3) Which state of India has the highest percentage of rural population ?

(26.4) Name the important coal mine of Andhra Pradesh.

(26.5) Name the iron and steel plant located in Karnataka state. *5×1=5*


(26.1) अफ्रीका के सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले देश का नाम बताइए ।

(26.2) संसार में चलवासी पशुचारण के किसी एक महत्त्वपूर्ण विशाल क्षेत्र का नाम बताइए ।

(26.3) भारत के किस राज्य में ग्रामीण जनसंख्या का सबसे अधिक प्रतिशत है ?

(26.4) आन्ध्र प्रदेश की महत्त्वपूर्ण कोयला खान का नाम बताइए ।

(26.5) कर्नाटक राज्य में स्थित लोहा और इस्पात संयंत्र का नाम बताइए ।


WORLD - POLITICAL
संसार-राजनैतिक
Tropic of Cancer
23½° N
23½° S
66½° N
66½° S
A
B
C
D
SCALE
Kms. 0 2000 4000 6000 Kms.

For question no. 26.2

प्रश्न सं. 26.2 के लिए

Outline Map of India (Political)

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

